बुधवार
19 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




क्रिकेट के पुराने विवाद में अरियांव के युवक की गोली मारकर हत्या 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## जमुई के स्टेट बैंक में दिनदहाड़े हथियार के बल पर 16 लाख रुपए की लूट

- पांच की संख्या में आए बदमाशों ने चकाई थाना क्षेत्र के चकाई बाजार स्थित एसबीआई को बनाया निशाना
- बैंक खुलने के बाद कुछ देर बाद ही ग्राहक बनकर घुसे थे बदमाश

लगातार हो रही लूट की घटना के बाद भी न प्रशासन, न सरकार इसे रोकने के प्रति सजग | लूटपाट का विरोध करने पर कर्मचारियों के साथ बदमाशों ने मारपीट भी की





**केटी न्यूज/जमुई**

बिहार में बैंक लूट की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। एक-के-बाद लगातार हो रही लूट की घटना के बाद भी न प्रशासन और न ही सरकार इसे रोकने के प्रति सजग नजर आ रही है। लिहाजा अपराधियों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला जमुई का है। यहां बदमाशों ने चकाई थाना क्षेत्र के चकाई बाजार स्थित एसबीआई को अपना निशाना बनाया है। मंगलवार सुबह बैंक खुलने के बाद पांच की संख्या में बदमाश ग्राहक बनकर घुसे। इसके बाद लूटपाट की घटना को हथियार के बल पर अंजाम दिया। बदमाशों ने 16 लाख की लूट की है। इसमें 12 लाख के गोल्ड और चार लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े बैंक लूट की वारदात को अंजाम देकर प्रशासन और सुशासन की सरकार को खुली चुनौती दी है।

जानकारी के अनुसार सभी बदमाश ग्राहक बनकर बैंक के अंदर घुसे और हथियार के बल पर बैंक कर्मियों को बंधक बना लिया। बैंक के कर्मियों ने ही बताया कि दो बाइक पर सवार होकर पांच की संख्या में बदमाश आए थे। कर्मचारियों के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। एक अनुमान के मुताबिक 12 लाख का सोना और चार लाख नकद की लूट हुई है।

### लूट के बाद बैंक के गेट को बाहर से किया बंद

बैंक के पास खड़े लोगों ने बताया कि बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और फिर बैंक के बाहर से गेट को बंद कर सभी भागने में सफल हो गए। बताया जाता है कि अपराधियों ने बैंक में घुसकर सबसे पहले हथियार के बल पर चौकीदार और कैशियर को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद बैंक का लॉकर खुलवा कर उसमें रखे करीब 12 लाख रुपये के गोल्ड को ले लिया। साथ ही कैमरे के डीवीआर को भी लेकर चले गए। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक पर सवार होकर बदमाश बिहार के सीमावर्ती राज्य झारखंड के गिरिडीह रोड की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर चकाई थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चकाई थाने की पुलिस के अलावा एसडीपीओ रविशंकर प्रसाद मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है।

## पटना सिटी के तीन गोदामों में भीषण आग से मची अफरातफरी

**एजेंसी/पटना**



मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे के आसपास पटना सिटी के तीन गोदामों में भीषण आग लग गई। घटना चौक थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह पथ की है। सूता गोदाम, बजरंग ट्रांसपोर्ट और विमला इंटरप्राइजेज का गोदाम आग की चपेट में आया है। एक ही भवन में तीनों गोदाम था। अचानक सुबह आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार आग पहले सूता गोदाम में लगी जिसके बाद देखते-देखते बाकी गोदाम भी इसकी चपेट में आ गए। कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर भी निकले थे जिन्होंने आग की लपटों को देख इसकी जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन आग विकराल रूप ले चुका था। कर्मियों के पहुंचने तक विमला इंटरप्राइजेज तक आग पहुंच चुकी थी। सूता और ट्रांसपोर्ट गोदाम में आग लगने के बाद आग की लपटों से विमला इंटरप्राइजेज भी जलने लगा। बताया गया कि टैंकर से रिफाइंड तेल राजू मंगवाता था और गोदाम में पैकेजिंग की जाती थी। आज मंगलवार को भी लगभग एक दर्जन से ज्यादा टैंकर रिफाइंड गोदाम में मौजूद थे, लेकिन आग ने सब कुछ खत्म कर दिया।

## खबरें फटाफट

### कांग्रेस विधायक के काफिले पर नक्सली हमला

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठी थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी हैं। सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इस हमले के संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया था। लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की।

### खनन टीम पर हमला मामले में 45 लोग गिरफ्तार

**पटना।** पटना से सटे बिहटा में बालू माफिया और बदमाशों ने खनन विभाग की टीम पर सोमवार को हमला किया था। इस मामले में मंगलवार को भी पुलिस एक्शन में दिखी। कुल 45 आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों के परिजनों ने मंगलवार को बिहटा थाने को घेर लिया और जमकर बवाल काटा। पुलिस को थाने के गेट को बंद करना पड़ा। बालू माफिया ने खनन विभाग के चेक पोस्ट में आग लगा दी।

### नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 11 एजेंडों पर मंजूरी

## भागलपुर और मुजफ्फरपुर में खुलेगी डीएनए जांच की यूनिट

- दरभंगा एम्स से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए तीन अरब से ज्यादा की राशि खर्च के लिए प्रशासनिक स्वीकृति को मिली मंजूरी
- सड़क दुर्घटना के बीमा और मौत के बीमा भुगतान हर जिले में होंगे

**केटी न्यूज/पटना**

मंगलवार को मुख्य सचिवालय में हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 11 एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। कैबिनेट की बैठक में सरकार ने गृह विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, परिवहन विभाग, वित्त विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग और स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दी है। बिहार के दो जिलों में डीएनए जांच के लिए यूनिट खोलने की मंजूरी मिली है।

मंगलवार को कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। एस सिद्धार्थ ने कहा कि सरकार ने यौन शोषण के मामलों की जांच के लिए क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला मुजफ्फरपुर और भागलपुर में डीएनए प्रशाखा की एक-एक यूनिट स्थापित करने के लिए राजपत्रित और अराजपत्रित कोटि के 14 पदों के सृजन की मंजूरी दी है। इसके अलावा सरकार ने बिहार पुलिस के पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को दूसरे राज्यों की तर्ज पर अनुसंधान करने की शक्ति प्राधिकृत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वहीं मधुबनी के तत्कालीन एसीजेएम अशोक कुमार-2 को गंभीर कदाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है।



### 29 अप्रैल को हर साल मनाई जाएगी भामाशाह की जयंती

- सरकार ने भामाशाह की जयंती राजकीय समारोह के तौर पर हर साल 29 अप्रैल को मनाने का फैसला लिया है।
- दरभंगा एम्स की स्थापना के उद्देश्य से बहादुरपुर अंचल अंतर्गत शोभन-एकमी बाईपास के निकट मौजा बलिया में कुल 189.17 एकड़ भूमि में मिट्टी भराई कर उसके समतलीकरण के लिए 309 करोड़ 29 लाख रुपये खर्च करने की स्वीकृति कैबिनेट ने प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनवरी 2023 में अपनी समाधान यात्रा के दौरान दरभंगा में एम्स के लिए चिह्नित भूमि का खुद स्थल निरीक्षण किया था। फिर मार्च 2023 में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दरभंगा एम्स के लिए शोभन-एकमी बाईपास के निकट भूमि आवंटित करने को मंजूरी दी गई थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि दरभंगा एम्स के लिए आवंटित भूमि के विकास के लिए जो कुछ भी करना होगा, राज्य सरकार अपने स्तर से कराएगी।
- सरकार राज्य प्रोटोकॉल संवर्ग के विभिन्न कोटि के 15 पदों के सृजन एवं बिहार प्रोटोकॉल संवर्ग नियमावली, 2023 को स्वीकृति दी है।
- सड़क दुर्घटना के बीमा और मौत के बीमा भुगतान हर जिले में होंगे। पटना का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। जिला मुख्यालय में बीमा राशि का भुगतान होगा। बीमा कंपनियां दुर्घटना के शिकार लोगो को सीधे राशि लौटाएंगी। राज्य सरकार ने इसके लिए मोटरयान अधिनियम में संशोधन किया है।
- बख्तियारपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज में अकादमिक ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल, फुटबॉल मैदान आदि के लिए 49 करोड़ 72 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।
- सरकार ने दरभंगा के शोभन में एम्स के लिए स्वीकृत 189 एकड़ जमीन की भराई के लिए तीन अरब रुपए स्वीकृत किए हैं। कैबिनेट ने प्रोटोकॉल संवर्ग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। पटना, दिल्ली और गया एयरपोर्ट पर अब 15 प्रोटोकॉल अफसर तैनात होंगे।

## बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में बोन एंड टिशु बैंक का ट्रायल शुरू

**एजेंसी/वाराणसी**

चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में प्रदेश का पहला बोन एंड टिशु बैंक बनकर तैयार हो गया है। मशीनें आ चुकी हैं और अब उनका ट्रायल हो रहा है। सड़क व अन्य दुर्घटना में घायलों के ऑपरेशन के दौरान निकल जाने वाली हड्डियों और टिशू को इस बैंक में जमा किया जाएगा। ताकि भविष्य में ये किसी जरूरतमंद के काम आ सकें और उन्हें नया जीवन दिया जा सके।

बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में हर दिन वाराणसी और आसपास के जिलों के साथ ही बिहार, झारखंड आदि प्रदेशों से घायल इलाज के लिए आते हैं। इनमें कई ऐसे होते हैं, जिनके हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्से की हड्डियां टूट जाती हैं। ऑपरेशन के दौरान जो हड्डियां जुड़ नहीं पातीं, उन्हें मजबूरी में निकालना पड़ता है। यही टिशु के साथ भी होता है। अब इन हड्डियों और टिशु को ट्रॉमा सेंटर में बने बोन एंड टिशु बैंक में जमा किया जा सकेगा। नई दिल्ली स्थित एम्स के बाद बीएचयू में खुलने वाला बोन एंड टिशु बैंक दूसरा बैंक है।

इस बोन एंड टिशु बैंक से घायलों के इलाज में सहूलियत होगी। दुर्घटना में हाथ-पैर की टूटी हड्डियों के प्रत्यारोपण में भी समस्या नहीं आएगी। बोन कैंसर पीड़ितों को भी इस बैंक का काफी लाभ मिलेगा।

## करनाल में तीन मंजिला राइस मिल गिरने से चार मजदूरों की मौत

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में तीन मंजिला राइस मिल गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई। मिल के मलबे में कई कर्मचारी के दबे होने की आशंका है। जेसीबी के जरिए इमारत के मलबे को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार तरावड़ी स्थित शिव शक्ति राइस मिल की 3 मंजिल बिल्डिंग तड़के 3:30 बजे अचानक गिर गई। बिल्डिंग गिरने से करीब 20 से ज्यादा मजदूर मलबे में फंस गए जबकि चार मजदूरों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार तरावड़ी के शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला बिल्डिंग में करीब 157 मजदूर रहते थे। सुबह करीब तीन बजे तीन मंजिला बिल्डिंग सोते हुए मजदूरों पर गिर गई।






### लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर केंद्र से हुआ एमओयू

## आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता: योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरू हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं।




योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा यूपी : गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के लिए कल्पना से बढ़कर कार्य किया है। आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला है। विकास कार्यों में भेदभाव क्या होता है, उत्तर प्रदेश की जनता ठीक से जानती है। 2017 के पहले तक यूपी के लोगों ने इस भेदभाव को झेला है। आज जब डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है तो छह वर्षों में यूपी की बदली हुई तस्वीर हम सबके सामने है। यूपी में बहुत सी सरकारें आई और गईं। सबने अपने राजनीतिक हितों को साधने का काम किया। कानून व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी राज्य में उद्योग लगाने की सबसे आवश्यक मांग है। उत्तर प्रदेश के विगत कुछ वर्षों में बहुत कार्य हुआ है। यही वजह है कि यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ चुका है। उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट जैसा आयोजन कल्पना के बाहर था। देश और विदेश के निवेशक यूपी जीआईएस में होड़ लगाकर खड़े थे। यूपी जैसी प्रतिभा और मेहनत देश किसी अन्य राज्य में नहीं है। आने वाले दिनों में विकास की दिशा और यहां के लोगों की दशा बदलने वाली है।

# फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया के प्रबंधन के बारे में दी गयी जानकारी

- दानापुर प्रखंड के दाउदपुर गांव के मरीजों में किया गया किट का वितरण

**केटी न्यूज/पटना**



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पटना जिले के दानापुर प्रखंड के दाउदपुर गांव के तीन हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। दानापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल पांच फाइलेरिया मरीजों को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध करायी गयी। पांचों फाइलेरिया रोगियों की पूरी जांच की गयी और उन्हें दवा भी उपलब्ध करायी गयी।

दानापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक डॉ. विद्या कुमारी ने सभी फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का किस प्रकार उपचार में उपयोग एवं आवश्कता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी मरीजों के समक्ष एक रोगी के पैर की सफाई कर उपस्थित मरीजों को एमएमडीपी की विधि बताई। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित होने पर व्यक्ति को हर महीने एक-एक सप्ताह तक तेज बुखार, पैरों में दर्द, जलन, के साथ बेचैनी होने लगती है। एक्यूट अटैक के समय मरीज को पैर को साधारण पानी में डुबाकर रखना चाहिए या भीगे हुए धोती या साड़ी को पैर में अच्छी तरह लपेटना चाहिए। इससे मरीजों को तत्काल राहत मिलती है और उनका दर्द एवं सुजन कम जाता है।

### क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया

दानापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार ने मरीजों को जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को नि :शुल्क दवाएं दी जा रही है। यह रोग संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है और काटने के बाद किसी भी व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। इससे या तो व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और इसका इसका कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है। इसे शुरूआत में ही पहचान करते हुए रोका जा सकता है। इसके लिए संक्रमित व्यक्ति को फाइलेरिया ग्रसित अंगों को पूरी तरह स्वच्छ पानी से साफ करना चाहिए।

**इन्हें मिली एमएमडीपी किटः** दाउदपुर गांव के मां दुर्गा पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की फुलझरिया देवी, शांति देवी एवं मानती देवी को चिकित्सकों द्वारा एमएमडीपी किट उपलब्ध करायी गयी। कुल 5 मरीजों की जांच की गयी जिसमे 4 हाथीपांव के मरीज एवं एक मरीज हाइड्रोसिल से ग्रसित हैं। शांति देवी ने बताया कि हमें किट प्रदान की गयी और फाइलेरिया के बारे में कई जानकारी प्राप्त हुई। हमारा विश्वास सरकारी अस्पताल पर बढ़ा है और हम फाइलेरिया के लक्षण दिखाई पड़ने वाले लोगों को तत्काल यहां आकार जांच कराने के लिए प्रेरित करेंगे।

# स्कूल के गेट पर लटका रहा ताला समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार में शिक्षा विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा दिलाने की तमाम कोशिशों के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही पूर्ण रवैये से बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा मखदुमपुर डीह स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल में देखने को मिला। जहां स्कूल के गेट पर ताला लटका रहा और बच्चे इन्तेजार में बैठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल खुलने का समय 6:30 बजे है लेकिन 8:10 में भी स्कूल का ताला नहीं खुला। और आरोप लगाया इस विद्यालय की वर्षों से यही हालात है। यहां सरकारी मनमानी हमेशा से ही हावी है। मंगलवार की सुबह बच्चे स्कूल के गेट पर बैग लेकर बैठे रहे और गेट पर ताला लटका रहा। स्कूल के टाईमिंग से दो घंटे बाद भी स्कूल का गेट नहीं खुलता है।

पता करने पर जानकारी मिली कि प्रिंसीपल मैडम चाभी लेकर चली गई हैं। वो गया से आएंगी तभी स्कूल खुलेगा। इस बीच कैमरा देख मौजूद शिक्षकों ने बच्चों को लाइन में लगा कर प्रार्थना करा दी। लेकिन बच्चे कहां बैठे यह बड़ा सवाल था। प्रभारी मैडम तो चाभी लेकर पहुंची ही नहीं। बताया गया की इस स्कूल में कुल 10 शिक्षक हैं। जिनमें से केवल तीन शिक्षक ही आज समय से विद्यालय पहुंच सके है। प्रतिदिन शिक्षकों का यही लेटलतीफी चलता रहता है। कोई सात बजे तो कोई आठ बजे और तो प्रिंसिपल मैडम का तो क्या ही कहना बस इन्तेजार कीजिये हम आते है वाला रवैया है। कब आएंगी कुछ पता नहीं। ग्रामीणों ने प्रिंसिपल बेबी तबस्सुम पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने स्कूल प्रभारी पर बच्चों को मिड डे मील देने में भी अनिमियता बरतने का आरोप लगाया है।

### मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बोर्ड गठित करने के बाद हुआ पोस्टमार्टम

# विचाराधीन बंदी की अस्पताल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत

- मौत का कारण स्पष्ट नहीं, लोगों में चर्चा, बंदी ने दीवार में टकराया अपना सर
- जांच में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अनुसंधान तेज

**केटी न्यूज/आरा**



सदर अस्पताल में बीते दिन शराब पीने के आरोप में जेल भेजे गए एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। अस्पताल के कैदी वार्ड में मंगलवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृतक गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव निवासी अलख यादव का बेटा मुन्ना यादव (30 वर्षीय) जा रहा है। सोमवार को ही उसे मंडल कारा भेजा गया था। उसके पूरे सर और हाथ में पट्टी बंधी थी। शरीर के अन्य जगहों पर भी जख्म के निशान भी मिले हैं। हालांकि बंदी की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे बंदी द्वारा दीवार में सर टकराने और दांत से हाथ काटने की चर्चा चल रही है।

इधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सकती है। वहीं मौत के बाद मजिस्ट्रेट की देखरेख में मेडिकल बोर्ड की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके लिए सिविल सर्जन सुरेश सिंह की ओर से तीन सदस्यीय बोर्ड गठित की गयी थी। उसमें ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. नवनीत कुमार चौधरी, डॉ. सूर्यकांत निराला और डॉ प्रमोद कुमार शामिल थे। इधर, शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस मौत के कारणों की छानबीन में जुट गयी है।

**मौत की खबर सूनते ही घर में मचा कोहराम :** इधर, बंदी की मौत के बाद उसके घर में रोना धोना मच गया है। बताया जाता है कि बंदी मुन्ना यादव अपने तीन भाई और दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां धनामुनी देवी, बहन गुड़िया कुमारी, चांदनी कुमारी और भाई विष्णु कुमार है। उसके मंझले भाई संजीत कुमार की कुछ समय पूर्व स्वाभाविक मौत हो गई थी। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां धनामुनी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल।

### परिजनों से मारपीट के बाद हुई थी गिरफ्तारी

मृतक के छोटे भाई विष्णु कुमार ने बताया कि रविवार की शाम शराब मुन्ना घर में झगड़ा कर रहा था। उसके बाद भाई और उसके पिता ने डायल 112 पर सूचना दी। जिसके बाद 112 नंबर पुलिस पहुंची और उसे गिरफ्तार कर गजराजगंज ओपी ले गई। जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया। उसके बाद उसी शाम उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उसके बाद जेल प्रशासन की ओर से उसे आरा सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया। सोमवार की रात करीब 11 बजे उसने अपने घर पर भी बात की थी। उस समय वह बिल्कुल ठीक था। मंगलवार की सुबह फोन पर पुलिस से सूचना मिली कि उसने अपना सिर दीवार से टकरा कर फोड़ लिया है और अपने दांतों से हाथ भी काट लिया है। उस पर वे लोग अस्पताल पहुंचे, जो उसकी मौत हो गई थी।

# अप्राकृतिक यौनाचार के मामले में जैन कॉलेज के पीटीआई टीचर को 10 साल सश्रम कारावास

**केटी न्यूज/आरा**

- क्रिकेट सीखने गए किशोर के साथ पीटीआई टीचर ने घिनौने काम को दिया था अंजाम
- कोर्ट ने पीड़ित किशोर को चार लाख रुपए का मुआवजा देने का जारी किया फरमान



सिविल कोर्ट की एक अदालत ने क्रिकेट सिखाने के नाम पर किशोर के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोपित पीटीआई टीचर कन्हैया सिंह को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, कोर्ट ने आरोपित पर 40 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। बताया जाता है कि कन्हैया सिंह जैन कॉलेज के पीटीआई टीचर हैं। अपर जिला व सत्र न्यायाधीश-8 सह पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। हालांकि, मामले में पिछले बुधवार ही कोर्ट ने टीचर को दोषी करार दिया था। इस संबंध में पॉक्सो कोर्ट की स्पेशल पीपी सरोज कुमारी ने बताया कि चार जुलाई 2019 को किशोर के नाना ने पीटीआई टीचर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों के बयान दर्ज कराया गया। गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने 12 अप्रैल को दोषी पाया। उसके बाद मंगलवार को कोर्ट की ओर से सजा की बिंदु पर सुनवाई की गयी। उस दौरान कोर्ट ने टीचर को 10 साल की सश्रम कारावास और 40 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। साथ ही, कोर्ट नेसे जिला प्रशासन को पीड़ित को चार लाख का मुआवजा देने का फरमान जारी किया है।

स्पेशल पीपी सरोज कुमारी ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि किशोर चार जुलाई 2019 की शाम पीटीआई कन्हैया सिंह के पास जैन कॉलेज में गया था। वहां उसने टीचर के पैर छुए ?और क्रिकेट सिखाने का अनुरोध किया। उसके बाद टीचर उसे जिम में ले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। टीचर ने पहले पीटी करने के लिए कहा। उसके बाद उन्होंने किशोर के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। घटना के बाद वह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी होते ही किशोर के नाना की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# जहानाबाद में 20 हजार घूस लेते अमीन रंगेहाथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले में निगरानी की टीम ने जमीन सर्वे कर रहे सर्वेक्षण अमीन को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार। दरअसल मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र के एक किसान से नरेश यादव से सर्वेक्षण कर रहे अमीन शादाब आलम के द्वारा उनके नाम पर जमीन चढ़ाने को लेकर 20 हजार रुपए की घूस की मांग की गई थी। जिसको लेकर किसान नरेश यादव ने निगरानी को शिकायत की।

शिकायत के आधार पर मामले की सत्यापन करने के बाद मंगलवार को निगरानी की टीम ने जाल बिछाते हुए सर्वेक्षण अमीन शादाब आलम को मदन अंचल कार्यालय के समीप उन्हें किराए के मकान से 20 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा। मामले के संबंध में निगरानी की टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी के द्वारा सूचित किया गया था। जिसके बाद सत्यापन किया गया और आज इन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें मेडिकल जांच कराने के बाद पटना निगरानी कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौरतलब हो कि बिहार सरकार के द्वारा जमीन का एरियल सर्वे कराया जा रहा है। जहां सर्वेक्षण आमीन सर्वेक्षण के कार्य में जुटे हुए हैं। वहीं, सर्वेक्षण के नाम पर किसानों से मोटी रकम भी वसूल रहे हैं।

### दूसरे शिशु के रूप में कन्या होने पर एकमुश्त मिलेगी 6000 रु. की सहायता राशि

# अब दो किस्तों में मिलेगी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की सहायता राशि

**केटी न्यूज/सासाराम**

गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती महिलाओं को आर्थिक लाभ के साथ साथ गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सरकार की बेहद ही महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 2.0 में बदलाव के साथ अन्य सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत अब चयनित महिलाओं को 11 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। वर्ष 2017 से शुरू इस योजना के तहत गर्भावस्था से लेकर प्रसव तक महिलाओं को 5000 रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाती थी, जो तीन किस्तों में देय होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 2.0 में बदलाव करते हुए मिशन शक्ति अंतर्गत पहली बार मां बनने वाली गर्भवती महिलाओं को सशर्त दो किस्तों में 5000 रुपये की राशि लाभुक को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

प्रथम किस्त गर्भावस्था पंजीकरण के बाद 3000 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। जबकि अंतिम किस्त 2000 रुपये, बच्चे का जन्म पंजीकृत हो जाने और बच्चे को बीसीजी,ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस बी सहित पहले टीके का चक्र शुरू होने पर प्रदान की जाएगी। वहीं दूसरे शिशु के रूप में कन्या होने पर धातृ महिला को 6000 रुपये की राशि एक मुश्त में दी जाएगी। लाभार्थी को गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण करना आवश्यक होगा। ऐसी महिलाओं की जानकारी आंगनबाड़ी सेविका इकट्ठा कर सूची तैयार करेंगी। उसके बाद पर्यवेक्षिका उस सूची का सत्यापन करेंगी। उसके बाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा उसे अनुमोदन किया जाएगा।

**रोहतास जिले को मिला 26336 का लक्ष्य :** मिशन शक्ति अन्तर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 2.0 को सफल बनाने के लिए रोहतास जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 26,336 लाभुकों को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। रोहतास जिले में आईसीडीएस के तहत 3388 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जाते हैं । जिसमें 25056 सामान्य तथा 1280 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं । इस योजना के तहत प्रत्येक सामान्य आंगनबाड़ी केंद्र पर 8 एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र पर 5 लाभुकों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

**योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रक्रिया शुरू :** डीपीओ (आईसीडीएस), रोहतास रश्मि रंजन ने बताया कि आईसीडीएस निदेशालय के दिशा निर्देश पर मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 2.0 का लाभ दिलाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के 3388 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 26336 लक्ष्य रखा गया है। डीपीओ ने बताया कि इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 5 से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मिल रही इस आर्थिक सहायता का लाभ पाकर वो स्वास्थ्य संबंधी उचित सुविधाओं के साथ जन्म के समय बच्चे की अच्छे से देख भाल कर सकेंगी।

## एक नजर

### ओकरी बाजार में बढ़ते चोरी- रंगदारी मामले के खिलाफ माले के आह्वान पर बंद रहा बाजार



**जहानाबाद।** ओकरी बाजार में माले नेता मनोज कुमार वर्मा की दुकान में सरेआम घुसकर रंगदारी की मांग करने,बाजार के कई दुकानों, घरों में चोरी का प्रयास करने समेत फिलहाल की घटनाओं के अलावा मोदनगंज प्रखंड में अपराधियों द्वारा लंबे समय से आम लोगों को जीना हराम कर रखा है। विगत दिनों बंधुगंज में भी छोटे, बड़े दुकानदारों से वसूली करने मारपीट, गोली मारने के साथ-साथ एक खाद दुकानदार को मुफ्त में खाद नहीं देने पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया था। ओकरी बाजार समेत क्षेत्र में बढ़ते चोरी ,छीनाझपटी, मवेशी, मोटर- फिटर की चोरी की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने ,बाजार के समग्र विकास के लिए भाकपा माले के आह्वान पर ओकरी बाजार बंद रहा।बड़ी संख्या में दुकानदार बंधुओं समेत क्षेत्र के मजदूर किसान, छात्रों ने भाग लिया। बाजार बंदी के अवसर पर एक सभा की गई जिसकी अध्यक्षता युवा नेता कामरेड योगेंद्र यादव ने किया। सभा को भाकपा माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, प्रखंड सचिव वितन मांझी, किसान महासभा के सम्मानित जिला अध्यक्ष कामरेड जगदीश पासवान, इनौस राष्ट्रीय पार्षद मुकेश पासवान, प्रखंड कमेटी सदस्य मनोज वर्मा, पूर्व मुखिया बौली बिंद, पूर्व मुखिया नरेश बिंद, सामाजिक कार्यकर्ता चंदन कुमार सिंह, प्रखंड कमेटी सदस्य कामरेड प्रह्लाद रविदास, जवाहर बिंद आदि नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर नेताओं ने कहा कि दुकान पर रंगदारी मांगने वाला चार अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्राप्त है, सभी का नाम पता भी लिखित मिला हुआ है, स्थानीय लफंगे और कुछ शातिर अपराधी है परंतु अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### जिले के सभी पंचायतों में यथाशीघ्र अपशिष्ट प्रसंस्करण निर्माण कार्य पूर्ण कराएं : डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कर स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 40 अपशिष्ट निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसको 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण कराने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के लिए जिन पंचायतों में जमीन उपलब्ध नहीं है उसकी सूचना प्राप्त की गई। वैसे प्रखंड जहां जमीन चिन्हित है किंतु कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है वहां अंचल अधिकारी से समन्वय कर कार्य में प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया।मखदुमपुर और जहानाबाद प्रखंड में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण हेतु भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना लंबित है जिसके लिए संबधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापति करने हेतु संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में संपूर्ण स्वच्छता के लिए प्लास्टिक कचरे के निस्तारण हेतु जल्द से जल्द चयनित प्रखंडों में प्लास्टिक प्रसंस्करण की स्थापना हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया । जिले में एक इकाई गोबरधन योजना हेतु मांदिल पंचायत में चिन्हित स्थल का जल्द से जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए अग्रेतर प्रक्रिया करने हेतु जहानाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए लक्षित सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार पंचायतों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया।



### नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनने के बाद बक्सर में प्रथम आगमन पर सौरभ तिवारी का बक्सर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय युवा मोर्चा के कार्यकताओं व सैकड़ों युवाओं ने फूलमाला व अंगवस्त्र से स्वागते किया। स्टेशन पर युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ तिवारी श्रमजीवी एक्सप्रेस से मंगलवार को पहुचे। जहां पर स्टेशन परे पहुचते ही कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े व भारत माता की जय घोष के साथ सौरभ तिवारी का स्वागते हुआ। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद गाड़ियों के काफिले के साथ बाबा साहेब भीम रावे अम्बेडकरे चौक पर पहुंच कर बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पणे किया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पत्र प्रतिनिधियों से बातचिते करते हुवे जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने कहा मां गंगा के आशीर्वादे से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी और दुनिया के सर्वकालिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्रे मोदी जी के नेतृत्व में राजनितिके जीवन में कार्य को अपना सौभाग्य मानतो हूं। देश ने ही नहीं दूनियो ने भी हमारे प्रधानमंत्री के कार्यकुशलता का लोहा मानो है। बिहार में इस बार युवा पुरी तरह से तैयारे है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जो जिम्मेवारी मुझे मिली है। उसको पूर्णते जबाबदेही से निभाउंगा. एक स्वयंसेवक के रूप में हर कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कामे करूंगा। बिहार का युवा 2005 के पहले का बिहार नही चाहतो है।



### सेवानिवृत प्रहरी के निधन पर शोकसभा आयोजित

**बक्सर।** श्री निवास मुकुंद रामानुज संस्कृत महाविद्यालये बसांवे कला के सेवानिवृत रात्रि प्रहरी कृष्णा पांडेय के निधन का समाचार आते ही महाविद्यालय परिवार में शोक की लहरे दौडे पड़ी। निधन के बाद महाविद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन सोमवार को कियो गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्री वेंकटेश भगवान से प्रार्थना की गई। दिवंगत आत्मा की शांति के संदेश पर महाविद्यालय के सचिव सहे बसांवे मठिया के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री परमपूज्य श्री अच्युतप्रपन्नाचार्ये जी महाराज ने दूरभाष पर बताया कि श्री पांडेय पूरे जीवन काल महाविद्यालय की सुरक्षा और सफाई में अपना बहुमूल्य समय लगायो है। इसलिए प्रभु वेंकटेश भगवान अपने चरणों में उनकी आत्मा को स्थान दें यही प्रार्थनो है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ उमा शंकर पांडेय सहित सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी



## खबरें फटाफट

### विवाहिता ने फांसी लगा दे दी जान

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के चौगाई गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। घटना सोमवार की रात चौगाई अनुसूचित बस्ती की है। इस घटना के बाद परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका अनुसूचित जाति बस्ती के कृष्ण कुमार की पत्नी थी। कृष्ण कुमार कुछ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। लेकिन सोमवार की रात उसकी पत्नी फांसी के फंदे पर झूल गई है। इस संबंध में पीड़ित परिजनों द्वारा कुछ जानकारी नहीं दी जा रही है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। वैसे घटना की जानकारी मिली है। पुलिस अपने स्तर से पड़ताल कर रही है।

### मवेशी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा में गांव के ग्रामीणों ने तीन पशु चोरों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार इसी गांव के गुड़िया देवी पति रमेश यादव की भैंस शुक्रवार की रात चोरी हुई थी। उस दिन तीनों दिन में उसके दरवाजे पर भैंस के खरीददार बन पहुंचे थे तब गुड़िया ने कहा था कि भैंस नहीं बेचना है। लेकिन देर रात उसके दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी हो गई थी। मंगलवार को एक बार फिर से तीनों नगरपुरा गांव पहुंचे थे। इस दौरान गुड़िया ने तीनों को पहचान लिया। उसके हो हल्ला करने पर ही ग्रामीणों ने तीनों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है। हालांकि उनके द्वारा भैंस की चोरी किया गया है कि नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा तीन लोगों पर पशु चोरी का आरोप लगाया गया है। पकडे.गए पशु चोरों में बलिहार के भोला नट, सचिन नट और मंगरू नट शामिल है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# सिमरी में अगलगी की घटना में झुलसकर पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

- सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव में दोपहर बाद घटी घटना
- ग्रामीणों व फायर बिग्रेड के प्रयास से बुझी आग

**केटी न्यूज/सिमरी**





सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव में भीषण आगलगी की घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गई है जबकि उसका पति भी बूरी तरह झुलस गया है। इस घटना में दो पालतू मवेशी भी जले हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद गंभीर रूप से झुलसे अधेड़ को इलाज के लिए सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

घटना मंगलवार को दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे की है। आगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अपराहन नगरपुरा के हरेश्वर यादव के घर अचानक आग लग गई। घरवाले जबतक माजरा समझते तबतक पूरी झोपड़ी से आग की लपटें उठने लगी थीं जिसमें हरेश्वर की पत्नी कलावती देवी 50 वर्ष आग की लपटों के बीच घिर गई थी। उसे आग के बीच घिरा देख हरेश्वर यादव भी बचाने के लिए गया और झुलस गया। जबतक लोग आग पर काबू पाते तबतक कलावती की मौत हो चुकी थी। जबकि उसका पति भी बूरी तरह से झुलस गया था। वही झोपड़ी में बंधी दो मवेशी भी जल गई है। हरेश्वर की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा, सीओ रजत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर के साथ ही पुलिस के जवान पहुंचे थे। सीओ ने कहा कि घटना की जायजा लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह काफी विभत्स घटना है।

### एसडीओ ने पीड़ित परिजन को सौंपी सहायता राशि

घटना की जानकारी मिलते ही शाम में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज नगरपुरा गांव पहुंच घटना की जानकारी लिए। उन्होने तत्काल परिवारिक अनुदान योजना के तहत 20 हजार रूपए, आपदा के तहत 9300 तथा कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 3 हजार रूपए सहित कुल 32 हजार 300 रूपए की सहायता राशि दिलवाई। इसके अलावे आगलगी में झुलसी गाय का इलाज पशु चिकित्सक से करवाया गया जबकि पीड़ित परिवार को प्लास्टिक सीट के अलावे कई अन्य राहत सामग्री दी गई है। एसडीओ ने कहा कि जांचोपरांत आपदा राहत कोष से मिलने वाले 4 लाख रूपए के अनुदान के लिए सिमरी सीओ को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## अरियांव गांव के ही तीन युवकों ने पहले की मारपीट, फिर सीने में सटाकर मार दी गोली, आरोपी फरार

# क्रिकेट के पुराने विवाद में अरियांव के युवक की गोली मारकर हत्या, घटना के बाद गांव में तनाव

- सुबह करीब 8.30 बजे अरियांव हाई स्कूल के समीप
- मृतक अरियांव के अमरेश सिंह का 21 वर्षीय पुत्र शक्ति विजय सिंह उर्फ चंदन सिंह है

**केटी न्यूज/डुमरांव**





कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में मंगलवार की सुबह करीब 8.30 बजे एक युवक की गोली मार हत्या कर दी गई। घटना अरियांव हाई स्कूल के समीप की है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तीन आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया है तथा पिस्टल उसके सीने में सटाकर गोली मारी गई है। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। मृतक अरियांव के अमरेश सिंह का 21 वर्षीय पुत्र शक्ति विजय सिंह उर्फ चंदन सिंह है।



इसकी जानकारी मिलते ही कृष्णाब्रह्म व डुमरांव थाने के साथ ही औद्योगिक थाने की पुलिस भी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गई।

इधर घटना को अंजाम दे आरोपी फरार हो गए हैं। मृतक के पिता के बयान पर तीन नामजदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। इधर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में जहां कोहराम मच गया है वही गांव में गुटीय तनाव व्याप्त है। मौके पर पुलिस कैंप कर रही है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

**दोस्तों के साथ घर से निकला था, आरोपियों ने पकड़ मारी गोली:** मृतक के पिता अमरेश सिंह ने पुलिस को जो तहरीर दी है उसके मुताबिक चंदन गांव के ही दिनेश सिंह के पुत्र शिवम सिंह व रामबाबू सिंह के पुत्र प्रसेनजीत सिंह के साथ बाइक से हाई स्कूल की तरफ गया था। वे सभी एक जगह बैठ बात कर रहे थे। इसी दौरान प्यास लगने पर चंदन पानी पीने के लिए हाई स्कूल की तरफ गया तभी एक बाइक पर सवार होकर अरियांव के ही रामप्रवेश यादव के पुत्र आशीष यादव व आनंद यादव तथा टुड़ीगंज का अंकित सिंह वहां पहुंचा तथा चंदन के साथ मारपीट करने लगा। चंदन को पिटता देख उसके दोस्त उसे बचाने के लिए दौड़े तबतक आनंद के ललकारने में आशीष ने अपने कमर से पिस्टल निकाल उसकी छाती के दाहिने तरफ सटाकर गोली मार दिया। अमरेश ने बताया कि उसके दोस्तों की सूचना पर ही पुलिस को जानकारी देते हुए इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमरेश की मानें तो पुराने विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है।

### तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस कर रही कैंप

चंदन की हत्या की खबर जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। इस घटना के बाद गांव में जबर्दस्त तनाव व्याप्त है। हालांकि पुलिस मौके पर कैंप कर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है लेकिन जबर्दस्त तनाव व्याप्त है।

**क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद ने ले ली एक होनहार की जान:** ग्रामीण सूत्रों की मानें तो चंदन काफी होनहार था। वह स्थानीय डीके कॉलेज से बीए का छात्र था। पढ़ाई के साथ ही वह क्रिकेट का भी शौकीन था। तीन भाईयों में सबसे छोटा अंकित का आशीष और आनंद से विवाद भी क्रिकेट मैच के दौरान ही हुआ था। तब किसी को नहीं लगा था कि खेल के दौरान के इस विवाद का इतना गंभीर परिणाम हो सकता है। वैसे बता दें कि अरियांव में इसके पहले भी गुटीय तनाव हुआ था। जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के पहले भी इस तरह का विवाद हुआ था जिसमें दो पक्ष लाठी डंडे से एक दूसरे पर हमला किए थे। तब स्थानीय पुलिस ने भी इसे हल्के में लिया था।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पुराने विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक के पिता के बयान पर तीन नामजदों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 70 वर्षीय वृद्ध महिला ने गंगा में डूब दी जान, नहीं हो सकी पहचान



**बक्सर।** मंगलवार की सुबह एक 70 वर्षीय महिला ने रामरेखा घाट पर गंगा में डूब अपनी जान दे दी। जबतक लोग कुछ समझ पाते तथा घाट पर मौजूद नाविक उसे बचाने का प्रयास करते तबतक वह गहरे पानी में समा चुकी थी। हालांकि थोड़ी देर में ही नाविकों ने उसे पानी से बाहर निकाला लेकिन तबतक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। इसकी सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने के साथ ही पहचान में जुट गई। लेकिन समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाया था। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह करीब 5.30 बजे एक 70 वर्षीय महिला रामरेखा घाट से गंगा नदी में उतरी। लोगों को लगा कि यह नहाने आई है। लेकिन वह लगातार आगे बढ़ते रही और गहरे पानी में पहुंच डूबने लगी। उसे डूबता देख वहां नहा रहे लोगों ने हो हल्ला किया। जिसके बाद नाविक उसे बचाने के लिए दौड़े लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकी है। आस पास के थानों को उसकी तस्वीर भेज पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## जाति आधारित जनगणना कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/केसठ**

स्थानीय प्रखण्ड के सभी तीनों पंचायतों में दूसरे चरण की जाति आधारित जनगणना का मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनगणना में लगे सभी कर्मी मौजूद पाए गए। बीडीओ द्वारा पंचायत स्तर पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों और पंच को जाति आधारित जनगणना में सहयोग करने की अपील की। ताकि जाति गणना समय से पूरा किया जा सके। ताकि कोई घर व परिवार छूटे नहीं किसी घर व परिवार का गणना दोबारा न हो से। ज्ञात हो कि सूबे में दूसरे चरण की गणना 15 अप्रैल से शुरू किया गया है। जिसे 15 मई तक पूरा करना है। दूसरे चरण का गणना कार्य मोबाईल एप व पोर्टल पर होना है। इसमें तकनीकी पहलुओं व फार्म में भरे जाएंगे। गणना कार्य में लगे प्रगणक व प्रवेक्षक द्वारा 17 सवाल पूछ भरे जायेंगे। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य में लगे कर्मियों द्वारा 299 घर गणना कार्य किया जा चुका है। इसके लिए प्रखंड में 83 प्रगणक व 15 प्रवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# रामनवमी जुलूस पर हुए हमले के खिलाफ धरना

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को श्रीरामनवमी शोभायात्रा सुरक्षा मंच बक्सर के तत्वावधान में स्थानीय अंबेडकर चौक पर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस धरने का आयोजन श्रीराम नवमी शोभायात्रा के दौरान बिहार में जगह-जगह पर षड्द्वंत्रपूर्वक किये गए हमले के विरोध में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न रामनवमी शोभायात्रा समिति और हिन्दू संगठनों के संयुक्त रूप से भाग लिया और सरकार को चुनौती देते हुये कहा कि सनातन संस्कृति के मूल्यों, परंपराओं और उत्सवों पर होने वाले सुनियोजितपूर्ण हमले अब बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। ऐसी घटनाओं के दौरान राज्य सरकार की उदासीनता या एकपक्षीय कार्रवाई उसकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है। धरना के माध्यम से सुरक्षा मंच के द्वारा जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। विषय प्रवेश करते हुए विमल कुमार सिंह ने



कहा कि उत्सवधर्मी समाज की सनातन परंपरा के प्रतीक जन-जन के राम के शोभायात्रा में हो रहे हमले की जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है। मातृशक्ति की ओर से इंदू देवी ने कहा कि भारत सनातन विचार को मानने वाला देश है पर इसका मतलब यह नहीं है कि हमारी आस्था पर कोई चोट करें और हम चुपचाप देखते रहें। धरना को संबोधित करने वालों में शोभायात्रा प्रधान अखाड़ा समिति के दिलीप वर्मा, रामवकील राय, निर्भय राय, अजित उपाध्याय, डॉ राजेश सिन्हा, विवेक सिंह, हिमांशु चतुर्वेदी, भोला सिंह, राणा प्रताप सिंह, राजवंश सिंह, हिरामन पासवान, मीना कुशवाहा, प्रदीप दुबे, सौरभ तिवारी, शम्भू नाथ पांडेय, संतोष रंजन राय व अन्य शामिल थे।

## पांच दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पूरी लगन से जिम्मेदारी निभाएं कार्यकर्ता, घर-घर जाकर करें संपर्क: चौबे

- संगठन को मजबूत एवं आगामी चुनाव में जीत कर दिया मंत्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे मंगलवार को अपने पांच दिवसीय संसदीय क्षेत्र के दौरे पर बक्सर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यकताओं की मेहनत की बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी जनता का सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के



नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे। भारत सरकार सबका साथ-सबका विश्वास - सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना है, ताकि लाभार्थियों को केंद्रीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर बूथ पर अपनी जीत सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मठ कार्यकर्ता मेहनती एवं हर लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून रखते हैं। कार्यकर्ता जो जिम्मेदारी सौंपी गई उसे पूरी लगन से निभाएं। घर-घर जाकर संपर्क करना है। विपक्ष की ओर से चलाए जा रहे झूठ को गुमराह करने वाली बातों का मीडिया और सोशल मीडिया को मुंहतोड़ जवाब देना है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि लोक संपर्क, लोक संग्रह, लोक संस्कार व लोक नियोजन का कार्य करना है। मतलब आम जनता से मिलकर उनके समस्याओं को सुनकर उनको साथ लेकर, उनके हित के लिए कार्य करते रहना है। बैठक में जिला अध्यक्ष भोला सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजवंश सिंह, रामकुमार सिंह जिला महामंत्री निर्भय राय, पूनम रविदास, इंद्रेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष इंदु देवी, अनिल कुमार पांडेय, राजू कुशवाहा, मीना सिंह, मनोज पांडेय, संत कुमार सिंह, श्रीमन तिवारी, सुधा गुप्ता, राजू यादव, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राय, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीला त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष ज्वाला सैनी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष विवेक चौधरी, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक राम, जिला प्रवक्ता नवीन राय, सुनील राम, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साबित रोहतास्वी, राहुल आनंन्द, विकाश कायस्थ आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### युवा शक्ति ने बक्सर में आयोजित की इफ्तार पार्टी, शामिल हुए सैकड़ों लोग



**बक्सर।** बक्सर के चर्चित युवा नेता व नगर परिषद के उपचेयरमैन प्रतिनिधि रामजी सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को बक्सर के अंबेडकर चौक स्थित श्याम वाटिका में आम इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवा शक्ति के तत्वावधान में किया गया था। जिसमें सैकड़ो की संख्या में रोजेदारों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। युवा नेता रामजी ने बताया कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उदेश्य से इस इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि सभी वर्गों तथा सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चला जाए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना काफी पाक होता है। वही उन्होंने कहा कि हमे सभी धर्मों का समादर करना चाहिए। ऐसा कर हम समाज में जातीय व सांप्रदायिक उन्माद को फैलने से रोक सकते है। इस इफ्तार का आयोजन भी इसी उदेश्य से किया गया था। मौके पर रामजी के साथ ही युवा शक्ति सेवा संस्थान के सभी सदस्य एवं सैकड़ों रोजेदार बंधु मौजूद रहे। इस आयोजन से रोजेदारों में खुशी देखी गई। रोजेदारों ने युवा नेता को धन्यवाद दिया।

### डंठल जलाने में लगी आग, मची अफरातफरी

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के कसिया गांव के बधार में मंगलवार को दोपहर कुछ किसानों ने खेतों डंठल जलाने का प्रयास किया। इस प्रयास में आग लग गया। देखते ही देखते डंठल में लगी आग खड़ी फसलों तथा गांव की तरफ बढ़ने लगा। तेज पछिया हवा के कारण तुरंत ही आग विकराल हो गया। इसे देखते हुए आनन फानन में फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। अग्निशमालय पदाधिकारी बी चौधरी ने बताया कि डंठल जलाने के दौरान यह घटना हुई है। वही सीओ अंकिता कुमारी ने बताया कि किसानों द्वारा आगलगी की सूचना दी गई है। इसका आंकलन कराया जा रहा है। वैसे प्रथम द्दष्टया इसमें अधिक नुकसान होने की बातें सामने नहीं आई है, सिर्फ डंठल जला है। गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा डंठल जलाने पर रोक लगाई गई है। बावजूद किसान इससे बाज नहीं आ रहे है। हाल के दिनों में हुई आगलगी की कई घटनाओं में डंठल जलाने को ही मुख्य कारण माना जा रहा है। अग्निशमालय पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।

# हमेशा मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है: अफजाल अंसारी

- अतीक के बाद मुख्तार का नंबर की अफवाह पर बोले बसपा के सांसद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बहुजन समाज पार्टी से सांसद अफजाल अंसारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गैंगेस्टर मामले में गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट से आने वाले 29 अप्रैल के फैसले के बारे में बात की। बताया कि उनके ऊपर यह केस सुनियोजित तरीके से लगाया गया है, जो बेबुनियाद है। उन्होंने बताया केस का ट्रायल कोर्ट में परीक्षण चल रहा है और देश की न्यायिक व्यवस्था और संविधान पर उन्हें पूरा भरोसा है।



उन्होंने अपने भाई मुख्तार अंसारी के ऊपर जान के खतरे और प्रयागराज में हुए अतीक अहमद शूट आउट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अतीक अहमद शूट आउट को एक सुनियोजित षड्यंत्र बताया है। कहा कि हमारे यहां सुबह उठकर ॐ नमः शिवाय का जाप होता है और कृत्य कैसा कैसा होता है।

उन्होंने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि कालनेमि भी वेश बदल कर आया था और रावण भी वेश बदलकर सीता मैया का अपहरण किया। सांसद अफजाल अंसारी ने आरोप लगाया कि अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की शूटआउट में हत्यारे तीन नहीं पांच थे और जो दो थे उनकी कोई भी तस्वीर मीडिया में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि अगर इसकी जांच हो तो सब भेद खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को प्रयागराज में जो हुआ वह दिल दहला देने वाला था। उन्होंने कहा कि चर्चा हो रही है कि अब इसके बाद मुख्तार आंसरी का नम्बर है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। मारने वाले से बचने वाला बड़ा होता है। आज समाज में जो हो रहा है, वह अच्छा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा की आप इन्वेस्टर सम्मिट में दावे करते हैं कि उत्तम प्रदेश, उत्तर प्रदेश में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन अतीक अहमद का शूटआउट जैसा इतना बड़ा कांड हो गया।

उन्होंने कहा कि 2024 में केंद्र की सरकार 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। उन्होंने महाराष्ट्र से लगाए अन्य प्रदेशों के आंकड़ा भी गिनाया और कहा कि भाजपा की हालत खराब है। क्योंकि अगस्त में क्रांति होने वाली है और बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा जो साथ है, शायद वह भी साथ न रहे। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद हत्याकांड भी दब जाएगा। उन्होंने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाया और कहा कि उन्हें देश की अदालतों पर भरोसा है। उनके खिलाफ झूठे चार्ज लगाए गए हैं। जिसके खिलाफ वो ट्रायल कोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रख रहे हैं, उन्होंने साफ कहा कि 29 अप्रैल को जो भी फैसला आए उसके लिए वे तैयार हैं।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# डिग्री हासिल करने से नहीं हो सकती युवाओं की उन्नति, आधुनिक ज्ञान जरूरी: उपसभापति

- कार्यक्रम में राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश नारायण सिंह व जिले के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शिरकत

**केटी न्यूज/बलिया**

सम्पूर्ण क्रांति के अग्रज और समाजवाद के पुरोधा रहे लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव जयप्रकाश नगर के दलजीत टोला स्थित काली मंदिर पर मंगलवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश नारायण सिंह व जिले के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शिरकत की। उपसभापति और सांसद ने उपस्थित युवाओं को उन्नति के विभिन्न प्रकार के मंत्र दिए। वहीं, रोजगार व शिक्षा के साथ सिताबदियारा के विकास पर चर्चा हुई।



युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि आज का समय टेक्नोलॉजी का है। मात्र डिग्री हासिल करने से युवाओं की उन्नति नहीं हो सकती। डिग्री के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान की भी जरूरी है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रयास हर सम्भव करना चाहिए। देश में अवसर की कमी नहीं है। साथ कहा कि हमारे जमाने में बहुत कम स्कूल हुआ करते थे। पूरे सिताबदियारा में दो या तीन स्कूल थे। पढ़ने के तमाम संसाधन भी बहुत कम थे, लेकिन उस परिस्थिति में भी पढ़कर निकले छात्र आज किसी न किसी मुकाम पर हैं।

**एक करियर सेंटर खोलने का प्रस्ताव :** हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि अब बहुत कुछ बदल गया है विद्यालय भी पर्याप्त संख्या में है, युवाओं के पास संसाधन भी है। अब उन्हें तय करना है कि वह जीवन में क्या करना चाहते हैं। यदि पढ़ाई में उनका मन नहीं लग रहा, तो रोजगार के क्षेत्र में उतरना चाहिए। उन्होंने एक करियर सेंटर खोलने की भी बात कही। गांव के तब और अब के हालात पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।

सांसद ने सत्संग भवन व रामलीला मंच के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। सांसद वीरेंद्र ने कहा कि विकास की कड़ी से सिताबदियारा जुड़ चुका है। बीएसटी बंधा की सड़क बन रही है। गंगा नदी पर महुली में पक्का पुल के निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है। उन्होंने किसानों से अपील किया कि सभी किसान खेती जरूर करें, प्राकृतिक खेती करने पर सरकार की ओर से अनुदान की भी व्यवस्था है। किसान मोटे अनाज की खेती पर भी जोड़ दें, उनके लिए फ्री में बीज की व्यवस्था में स्वयं कराऊंगा। जनपद में कई बड़े काम होने जा रहे हैं जिले के लोगों की लंबे समय से मांग थी एक मेडिकल कॉलेज बने वह सपना भी सकार हुआ।

**कॉलेज निर्माण की मिल चुकी है स्वीकृति :** उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का काम शुरू हो चुका है। जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक लाला टोला में राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण होगा। घर घर की महिलाएं प्रशिक्षित होंगी व राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण करेंगी। इससे उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में मोहन सिंह, ग्राम प्रधान अशोक यादव, राम नरेश चौधरी, सिताबदियारा के पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान दशरथ यादव, समाजसेवी रामबाबू यादव, जैनेंद्र सिंह, शिव आधार सिंह, शिव नारायण सिंह, मनीष सिंह, राजेश सिंह, नंदजी सिंह, बिक्की सिंह, राकेश सिंह, अजीत सिंह, राजेश सिंह, रवींद्र सिंह, आंशु सिंह सहित गांव के युवा मौजूद रहे। आभार व्यक्त सुरेंद्र सिंह ने किया।

## जनपद के मिरानपुर राजभर बस्ती में अचानक लगी आग

**गाजीपुर।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर राजभर बस्ती में अचानक आग लगने से वहां के रहने वाले राजभरों की 12 झोपड़ियां जलकर राख हो गई।आनन– फानन में लोगों ने फायर सर्विस को सूचना दिया। सूचना के आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची तब तक काफी जलकर सब राख हो चुका था। इस घटना में कुल 12 लोग जिसमें अजय राजभर, गुड़िया देवी, छेदी राजभर, नथुनी राजभर, रानी देवी, प्रेमचंद, शिव पर्सन राजभर, लालचंद राजभर, हलचल राजभर, अमरदेव राजभर, मालती देवी, प्रदीप राजभर सहित कुल 12 लोगों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई है। जिसमें एक भैंस मौके पर मर गई है। एक अधूरी हो गई है। एक भैंस का बच्चा बुरी तरह से जख्मी हो गया है और लगभग ढाई दर्जन बकरियां और दर्जनों मुर्गियां जलकर राख हो गई हैं। किसी के भागने की कोई गुंजाइश नहीं रही। पूरी रात भर बस्ती आसमान के नीचे गुजर करने को मजबूर है। घर में एक दाना अनाज खाने के लिए नहीं है। अनाज, चावल, भूरा कपड़ा, बिस्तर, चौकी कुछ नगदी मजदूरी का पैसा सारा झोपड़ी में जलकर राख हो गया है। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल प्रभारी निरीक्षक धनानंद त्रिपाठी और फोर्स मौके पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया।

## विशाल और स्वप्निल को मिला ताईक्वांडो में ब्लैक बेल्ट

**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील छेत्र के गैबीपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी के दो ताईक्वांडो खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट की डिग्री प्राप्त हुई है। एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त विशाल यादव और स्वप्निल सिंह ने तीन माह पूर्व गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित ब्लैक बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में प्रतिभाग किया था। जिसमें इन दोनों को सफलता प्राप्त हुई है।

बताते चलें कि विशाल सादात ब्लाक के कंचनपुर (मिजार्पुर) निवासी रामअवध यादव के पुत्र हैं, तो स्वपनिल माहपुर के कैथवलिया गांव निवासी अभय सिंह के पुत्र हैं। दोनों खिलाड़ियों के कोच व गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि विशाल यादव का बड़ा भाई अभिषेक यादव वर्ल्ड ताईक्वांडो चैम्पियनशिप - 2017 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुका है। वर्तमान में भारतीय थल सेना में सेवा रत हैं। विशाल 2020 में तो स्वपनिल 2021 से एकेडमी में भर्ती हुए थे। इस दौरान इनकी कड़ी ट्रेनिंग



और ताईक्वांडो की आधुनिक तकनीक के बदौलत इन्होंने कई राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर एकेडमी व जिले का नाम रौशन किया। श्री सिंह ने बताया कि इसी वर्ष जनवरी में इन दोनों का चयन आर्मी के ब्वॉयज स्पोर्ट्स कंपनी में हो गया है। एकेडमी के असिस्टेंटन कोच सत्यम श्रीवास्तव के नेतृत्व में खिलाड़ियों को दक्षिण कोरिया के कुकीवन से जारी ब्लैक बेल्ट प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों में मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर विशाल कुमार, खुशी मोदनवाल, अल्का मौर्या, बुलंदी शर्मा, मोनी पाल, अभिनव मोदनवाल इत्यादि वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थें।

# आईआरएस का छिड़काव करायें कालाजार को दूर भगायें

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संक्रामक रोग कालाजार को दूर भगाने के लिए कालाजार रोधी सिंथेटिक पायराथ्राईड का छिडकाव 15 मार्च से किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण इलाके के मिट्टी के घरों में पनपने वाली सफेद मक्खी जिसे बालू मक्खी के नाम से भी जाना जाता हैं, को खत्म किया जा सके। यह कहना है जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव का।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जनपद में पिछले 3 वर्षों में कालाजार से 10 ब्लॉक के 34 ग्राम प्रभावित है जिसमे 16 ग्राम में आई आर एस का कार्य संपादित हो चुका है। कालाजार प्रभावित ब्लॉक है हनुमानगंज, मुरलीछपरा, कोटवा, रेवती, दुबहड़, चिलकहर, मनियर, बांसडीह,सोहाव,और



पंदह है। वर्त्तमान मे छिडकाव का कार्य पंदह, रेवती और बांसडीह ब्लॉक में सम्पन्न हो चुका है। शेष ब्लॉक और ग्राम में आई आर एस चल रहा है।

जनवरी 2023 से आज तक कालाजार का कोई भी मरीज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कालाजार एक जानलेवा रोग है जो कि बालू मक्खी के काटने से फैलता है और अक्सर यह बालू मक्खी ग्रामीण क्षेत्रों में मकान की दरारों में, नमी वाले स्थानों में, चूहों के बिलों में पायी जाती है। इससे बचाव के लिए घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखकर एवं मच्छरदानी का प्रयोग कर इस रोग से बचा जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नहीं लगना, रोगी में खून की कमी, लोगों का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है यदि किसी व्यक्ति में उपयुक्त लक्षण पाया गया हो तो तत्काल अपने नजदीक के सामु०स्वा०केन्द्र/ प्रा०स्वा० केन्द्र पर जांच कराएं। जिला चिकित्सालय पर इसका इलाज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी एक बार ठीक होने पर दोबारा से शुरू हो सकती है इसलिए चिकित्सक की सलाह पर पूरा इलाज करवाएं।

## नाबालिग को भगाने में आजीवन कारावास

**बलिया।** अपर जनपद एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गोविंद मोहन की अदालत ने अनुसूचित जाति जनजाति के नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने और छेड़छाड़ करने के मामले में अभियुक्त संगम गुप्ता पुत्र स्व. प्रभुनाथ गुप्ता निवासी काजीपुरा थाना सिकंदरपुर को दोषी पाया। अदालत ने उसे आजीवन कारावास और 70 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। जुमार्ना न देने पर अभियुक्त को दो वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज हुआ था कि 11 फरवरी 2016 को पीड़िता 11वीं की छात्रा को संगम गुप्ता बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वह अनुसूचित जाति जनजाति की नाबालिग लड़की थी। मामले में थाना सिकंदरपुर में मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन के तरफ से प्रस्तुत साक्ष्यों का सम्यक परिशीलन व अवलोकन करने, अभियोजन के तरफ से राकेश कुमार पांडेय विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्त के खिलाफ दोष साबित पाया और उक्त सजा सुनाई।

## कार्यशाला में वक्ताओं ने दिए सुझाव, कहा - बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत

# बलिया को पर्यटन की दृष्टि से किया जा सकता विकसित: कुलपति

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया में विश्व विरासत दिवस के पर मंगलवार को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय सभागार में ह्यबलिया अनटोल्ड टेल्स ऑफ ए वंडर हेरिटेज (बलियाः अद्भुत विरासत की एक अनकही कहानी) विषय पर एक कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पृथ्वीश नाग, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने अपने उद्बोधन में बलिया को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिये।

कहा कि सुरहा ताल के विश्वविद्यालय के तट और मैरिटार के तट तक नौकायन की सुविधा विकसित की जा सकती है। इसके




चारो ओर रिंग रोड का निर्माण कर इसको पर्यटकों के अनुकूल विकासित किया जा सकता है। गंगा तट का हैबतपुर से ददरी मेला तक का क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के अनुकूल है। यहां पर्यटन के लिए अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की आवश्यकता है। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सटीक पहचान, संरक्षण और विकास के साथ बलिया को देश के पर्यटन मानचित्र पर जगह दिलाई जा सकती है। इसके लिए संकुलों के माध्यम से कार्य प्रारंभ हो चुका है। विशिष्ट वक्ता प्रो. अशोक कुमार सिंह ने बलिया के कटहर नाले के दोनों ओर सड़क के निर्माण के साथ विभिन्न तालों और ऐतिहासिक मंदिरों के विकास की बात उठाई।

बलिया के प्राचीन इतिहास पर डॉ. अमृत आनंद ने विस्तृत प्रकाश डाला। इस क्रम में पुराणों, रामायण और बौद्ध ग्रंथों के प्रसंगों से इसकी प्राचीनता और महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बलिया में विद्रोह की प्रवृत्ति हमेशा से रही है। इस्लामिक और अंग्रेजी शासन के दौर में बलिया में निरंतर विरोध होते रहे, जिसकी चरम परिणिति 1942 में बलिया की आजादी में दिखती है। इस अवसर पर प्रशासनिक भवन में बलिया की विरासत पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। जिसमें बलिया के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों की महत्ता सचित्र प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अजय चौबे, संचालन डॉ. सरिता पाण्डेय और आभार डॉ. छविलाल ने व्यक्त किया। प्रदर्शनी के निर्माण में डॉ ज्ञानेंद्र चौहान और विद्यार्थियों की केंद्रीय भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, प्रो. अरविंद नेत्र पाण्डेय, डॉ. पुष्पा मिश्रा और डॉ. प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दहेज हत्या के 3 दोषियों को 10 वर्ष कठोर कारावास

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरिश्चंद्र की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपियों इमरान शाह, शाहनाज, कुर्बान को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वादिनी ने आवेदन दिया था कि लड़की रोजी खातून की शादी वर्ष 2015 में इमरान शाह पुत्र कुर्बान अली निवासी सेमरी रामपुर थाना बांसडीह के साथ की थी। अपनी हैसियत के मुताबिक दान



दहेज दिया था। लड़की को एक बेटा पैदा हुआ है। ससुराल में लड़की को उसके पति और सास-ससुर दहेज के लिए मारते पीटते थे और मोटरसाइकिल की मांग करते थे। पांच अप्रैल 2017 को उसकी हत्या कर दी। इस मामले में थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचक ने न्यायालय में इमरान शाह, शाहनाज, कुर्बान के विरुद्ध आरोप दिया। न्यायालय ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए मुकदमें का विचारन प्रारंभ किया। अभियोजन की तरफ से प्रस्तुत सभी साक्ष्यों को देखने और अभियोजन की तरफ से सुधीर कुमार मिश्रा सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को दोषी पाया। दोषी मिलने पर कुर्बान अली पुत्र मोहर्रम निवासी सेमरी रामपुर, इमरान शाह पुत्र कुर्बान अली, शाहनाज पत्नी कुर्बान अली निवासी सेमरी रामपुर के खिलाफ सजा सुनाई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाने को ले बैठक

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया श्री दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज दिनांक 18/04/2023 को समय 04:00 बजे, समस्त सम्मानित पीठासीन अधिकारीगण की प्री-ट्रायल बैठक, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.05.2023 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,



बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा के द्वारा किया गया। उक्त बैठक में दिनांक 13/05/2023 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। श्री दिनेश कुमार मिश्रा प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.05.2023 को, अपने न्यायालय में लम्बित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें, तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें। बैठक में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-3/नोडल अधिकारी लोक अदालत बलिया, श्रीमती मनीषा विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), श्री महेश चन्द वर्मा, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) अपर जनपद न्यायाधीश, गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-8 (पोक्सो एक्ट), ओमकार शुक्ला विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-5, ओम प्रकाश अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0 7 (एनडीपीएस एक्ट), अरूण कुमार-तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-4, विनोद कुमार अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-10 (पोक्सो एक्ट), नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिश चन्द्र अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय, श्री सुरेन्द्र प्रसाद अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी तृतीय, सुश्री शाम्भवी यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सर्वेश कुमार मिश्र सिविल जज सीडि बलिया कविता कुमारी सिविल जज (जूडि) पूर्वी, विराट मणि त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम, राजीव रंजन मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, धम्म कुमार सिद्धार्थ अपर सिविल जज (जूडि) रसडा, प्रवीण कुमार प्रियदर्शी अपर सिविल जज (जूडि), धर्मेन्द्र कुमार भारती सिविल जज (जूडि)/एफटीसी., एवं श्री अनिल कुमार मिश्रा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बलिया उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में दो झोपड़ी राख

**बलिया।** जनपद के गड़वार थाना अंतर्गत सिंहाचवर खुर्द में अज्ञात कारणों से लगी आग दो परिवारों की रिहायशी झोपड़ी तथा उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। झुलसने से दो गाय की भी मौत हो गई। गांव निवासी दीनानाथ की झोपड़ी से अचानक आग की लपेंट उठनी शुरू हुई, अभी कोई कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप अख्तियार करते हुए बगल में स्थित झब्बर चौहान की भी रिहायशी झोपड़ी को जद में ले



लिया। अगलगी की इस घटना में दोनों परिवार की झोपड़ियां सहित उसमें रखा अनाज, कपड़ा सब कुछ जल गया। वहीं झुलसने से दीनानाथ की दो गाय भी मर गई। अग्निशमन की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाते तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था।

### घायल युवक ने तोड़ा दम, दो माह पहले हुई थी शादी

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के रिगवन निवासी सत्येंद्र प्रसाद (22) पुत्र स्व. नागेश्वर गोंड़ की मौत वाराणसी में उपचार के दौरान हो गयी। 9 अप्रैल को कुछ लोगों ने पिटाई कर सत्येंद्र को घायल कर दिया था। युवक की शादी लगभग 2 माह पहले ही हुई थी। सत्येन्द्र का शव सोमवार की शाम जैसे ही गांव पहुंचा, कोहराम मच गया। पत्नी चंदा एवं मां बिंदु देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीण शव लेकर मनियर थाने पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, मृतक की मां बिंदु देवी ने पुलिस को नामजद तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के



मुताबिक, सद्दाम अंसारी पुत्र जुबरैल अंसारी (निवासी नवका गांव, मनियर) सत्येंद्र को लेकर 9 अप्रैल की शाम 7 बजे मनियर थाना क्षेत्र के निपानिया गांव गया था। वहां एक व्यक्ति (तहरीर में नामजद) अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ सत्येंद्र को लाठी डंडा एवं लोहे की रॉड से बुरी तरह से मारे पीटे। इससे सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां 17 अप्रैल को सत्येंद्र की मौत हो गयी।

### दहेज हत्या के तीन दोषियों को 10 वर्ष कठोर कारावास

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरिश्चंद्र की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपियों इमरान शाह, शाहनाज, कुर्बान को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वादिनी ने आवेदन दिया था कि लड़की रोजी खातून की शादी वर्ष 2015 में इमरान शाह पुत्र कुर्बान अली निवासी सेमरी रामपुर थाना बांसडीह के साथ की थी। अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। लड़की को एक बेटा पैदा हुआ है। ससुराल में लड़की को उसके पति और सास-ससुर दहेज के लिए मारते पीटते थे और मोटरसाइकिल की मांग करते थे। पांच अप्रैल 2017 को उसकी हत्या कर दी। इस मामले में थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ।